संख्या-11/2020/133/86-2020-9(सा0)/2020

प्रेषक,

डा0 रोशन जैकब,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊः दिनांक 30 जनवरी, 2020

विषयः-उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत प्रदेश के महत्वाकांक्षी जनपदों हेतु कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम-1957 की धारा- 9बी, 15, 15ए के तहत राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली, 2017 अधिसूचना संख्या-866/86-2017-132/2016, दिनांक 15.05.2017 द्वारा प्रख्यापित की गयी है, जिसमें न्यास निधियों का उपयोग उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों हेतु किये जाने का प्राविधान है।

2. शासनादेश संख्या-3091/86-2017-132/2016, दिनांक 20.11.2017 द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास से सम्बन्धित कार्ययोजना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों एवं खनन से प्रभावित क्षेत्रों हेतु कल्याकारी योजनाओं का क्रियान्वयन न्यास निधि से किया जाना है। प्रदेश के महत्वाकांक्षी जनपदों बहराइच, बलरामपुर, चन्दौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं सोनभद्र में पिछडेपन को दूर करने हेतु उनकी मूलभूत समस्याओं एवं उसके समाधान के लिए सम्बन्धित ग्राम पंचायतों से विचार-विमर्श उपरान्त यथा सम्भव कल्याणकारी योजनायें तैयार करायी जाये। कल्याणकारी योजनाओं में स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों को उच्चीकृत एवं सुधार, शिक्षा एवं कौशल विकास योजना अन्तर्गत स्वरोजगार सम्बन्धी आर्थिक क्रियाकलापों के संचालन के साथ ही जनपदों के अति पिछडे क्षेत्रों हेतु अवस्थापना सुविधाओं के सृजन एवं विकास पर विशेष रूप से बल दिया जाए।

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत अपने-अपने जनपद के अन्तर्गत अति पिछड़े क्षेत्रों के विकास हेतु तैयार व स्वीकृत की गयी कल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण विवरण, प्रत्येक माह की 10 तारीख तक शासन एवं निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
(डा0 रोशन जैकब)
सचिव।

संख्या-133(1)/86-2020-तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र संख्या-1678/एम-37/डी.एम.एफ/2016(v), दिनांक 16.01.2020 के सन्दर्भ में इस आशय से प्रेषित कि जनपदों से संकलित सूचना प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
(हृदय नारायण सिंह यादव)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in